SBI

भारतीय स्टेट बैंक

(भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के अंतर्गत गठित)

कॉर्पोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम काम रोड, मुंबई 400 021

कॉल ऑप्शन सूचना

जनता को जारी किए गए कुल मिलाकर रू.10,000 मिलियन के अनसिक्योर्ड नॉन-कान्वर्टिबल लोअर टियर खख बॉण्ड्स (सिरीज़ 3 और 4) के ट्रांच (वित्तांश) 1 प्रॉस्पेक्टस दिनांक 14.02.2011 के साथ शेल्फ प्रॉस्पेक्टस को पढते हुए बैंक के पास सिरीज़ 4 की बकाया मूलधन राशि पर कॉल ऑप्शन है जिसका प्रयोग वह आबंटन के डीम्ड डेट (यानी 16 मार्च 2011 से) की दसवीं वर्षगांठ की पूर्णता पर एक बार किया जा सकता है जो कि आरबीआई द्वारा पूर्व स्वीकृति के अधीन है. बैंक को पत्र क्र. डीओआर.सीओ.बीपी. नं. 2103/21.01.002/2020-21 दिनांक 31 दिसंबर 2020 के माध्यम से आरबीआई की स्वीकृति बैंक को प्राप्त हुई थी.

बॉण्डधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक ने निम्नलिखित आईएसआईएन वाले 16 मार्च 2011 को जारी लोअर टियर खख बॉण्ड्स की सिरीज़ 4 के कॉल ऑप्शन का प्रयोग करने का निर्णय लिया है.

i) आईएनई062E08058 (रिटेल आवेदकों को आबंटित); और

ii) आईएनई062E08066 (नॉन-रिटेल आवेदकों को आबंटित).

प्रॉस्पेक्टस के अनुसार:

क. 1 अप्रैल 2020 से 15 मार्च 2021 तक की अवधि के लिए ब्याज के साथ मूलधन राशि का भुगतान 16 मार्च 2021 को किया जाएगा. बॉण्ड पर कॉल ऑप्शन दिनांक से कोई बाध्यता नहीं होगी.

ख. डिमटीरियलाइज्ड स्वरूप में धारित बॉण्ड्स के लिए रिडेम्पशन की राशि उन्हीं बॉण्डधारकों को अदा की जाएगी जिनके नाम रिडेम्पशन के प्रयोजन के लिए निश्चित रेकॉर्ड के दिनांक के अनुसार डिपॉज़िटरीज द्वारा बैंक को दिए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर पर होंगे. बॉण्डधारकों की ओर से किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है.

ग. कागजी स्वरूप में रखे गए बॉण्ड्स के मामले में, बैंक ने बॉण्डधारकों द्वारा बॉण्ड प्रमाणपत्रों को 16 फरवरी 2021 को या पहले समर्पित करने की आवश्यकता के साथ बॉण्ड्स को रिडीम करने का निर्णय किया है और उन्हें रजिस्ट्रार / बैंक के पास पावती के साथ पंजीकृत डाल द्वारा या हस्त प्रेषण के जरिए बॉण्डधारकों द्वारा भेजा जाना चाहिए ताकि समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके. नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार रिडीम किए जा सकनेवाले बॉण्ड्स के संदर्भ में भुगतान का निर्देश 16 मार्च 2021 को या डिस्चार्ज किए गए बॉण्ड प्रमाणपत्र की प्राप्ति के दिनांक से 30 दिन की अवधि के अंदर, जो भी बाद में हो, दिया जाएगा. रिडेम्पशन की राशि उन बॉण्डधारकों को अदा की जाएगी जिनके नाम बैंक या रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), मे. अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड द्वारा रेकॉर्ड दिनांक को रखे गए बॉण्डधारकों के रजिस्टर में पहले आते हैं. इसीलिए हस्तांतरी, यदि हो, को रेकॉर्ड दिनांक से पहले दस्तावेज हस्तांतरण सुनिश्चित करना चाहिए. यदि रेकॉर्ड दिनांक से पहले बैंक या आरटीए के पास हस्तांतरण दस्तावेज जमा नहीं कराए जाते हैं और बैंक रिडेम्पशन की राशि हस्तांतरणकर्ता को भेज देता है, रिडेम्पशन की राशि के संदर्भ दावों का निपटारा पक्षों के बीच आपसी रूप से किया जाना चाहिए और बैंक या आरटीए के विरूद्ध कोई दावा या कार्रवाई नहीं होगी.

घ. अंतिम देय ब्याज के साथ कॉल ऑप्शन राशि के भुगतान के लिए 'रेकॉर्ड दिनांक' 1 मार्च 2021 होगा.

स्थान: मुंबई
दिनांक:

महाप्रबंधक
(शेयर्स एंड बॉण्ड्स)